Mobile : 9415034901

# Babu Pt. Rameshwar Prasad Dwivedi Mahavidyalaya

Jaria ( Attaura),Raebareli

Ref. No. मेमो०/250/2025 Date 13/11/2025

OFFICE OF THE REGISTRAR
13 NOV 2025
No. 2229

सेवा में,

श्रीमान कुलसचिव,

लखनऊ विश्वविद्यालय,

लखनऊ।

**विषयः—शिक्षक अनुमोदन हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सन्दर्भ में—**

महोदय,

उक्तानुक्रम में सादर अवगत कराना है कि उपरोक्त महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर **बी0एस—सी0** पाठ्यक्रम के अन्तर्गत **भौतिक विज्ञान**, **गणित**, **रसायन विज्ञान**, **जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, सांख्यिकी** एवं **गृह विज्ञान** विषयों हेतु शिक्षक चयन/अनुमोदन प्रक्रिया सम्पन्न होनी है तद्क्रम में विनम्र निवेदन है कि प्रकाशित दैनिक समाचार पत्रों की विज्ञप्ति विश्वविद्यालय के सम्बन्धित पोर्टल पर अग्रिम कार्यवाही हेतु अपलोड कराने की कृपा करें। ताकि नियमानुसार समयान्तर्गत सम्बन्धित कार्यवाही सम्पन्न हो सके।

**साभार!**

**भवदीय**

इंचार्ज (बी.एड.)
for Reg
14/XI/25

(प्रबन्धक)
प्रबन्धक
बाबू पं० रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी
महाविद्यालय जरिया
रायबरेली

**संलग्नकः—**

1. सम्बद्धता पत्र की छायाप्रति।
2. प्रकाशित विज्ञप्ति (जनसंदेश टाइम्स, स्पष्ट आवाज) की छायाप्रति।
3. शिक्षक अनुमोदन हेतु जमा शुल्क रसीद की छायाप्रति।

# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
(नैक द्वारा ए++ प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या : AF-17951 2025

दिनांक : 27/09/25

रजिस्टर्ड / स्पीडपोस्ट / व्यक्तिगत

सेवा में,

प्रबन्धक,
बाबू पं0 रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी महाविद्यालय,
जारिया, अटौरा, रायबरेली।

महोदय,

कृपया महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पूर्व संचालित बी0एस–सी0 पाठ्यक्रम में एक अतिरिक्त सेक्शन आवंटित किये जाने विषयक अपने पत्र दिनॉक 15.09.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि महाविद्यालय के प्रस्ताव / निरीक्षण आख्या की संस्तुति दिनॉक 15.09.2025 के परिप्रेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त मा0 कुलपति महोदय द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0एस–सी0 पाठ्यकम में पूर्व आवंटित सीटों के अतिरिक्त एक सेक्शन 60 सीट (पी.सी.एम. एवं जेड.बी.सी. प्रत्येक ग्रुप हेतु) सत्र 2025–26 से निम्न शर्तो के अधीन आवंटित किये जाने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है :–

**"विहित प्रकियानुसार शिक्षकों के अनुमोदनोंपरान्त नियुक्ति कर एक माह में सूची उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा की स्थिति में आवंटित सेक्शन की वृद्धि स्वतः निरस्त हो जायेगी।**

भवदीया

(हस्ताक्षर)

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संख्या :                    दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय को सूचनार्थ।
2. इंचार्ज वेबसाईट / यू0डी0आर0सी0, ल0वि0वि0।
3. गार्ड फाईल।

**सत्य–प्रतिलिपि**

कुलसचिव

(हस्ताक्षर)
**प्रबन्धक**
बाबू पं0 रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी
महाविद्यालय जरिया
रायबरेली

# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ—226007

(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या : R/390 /सम्ब.अनु./2025

दिनांक : 10/5/2025

**रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत**

सेवा में,

प्रबन्धक,
पं0 रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी महाविद्यालय,
जारिया, रायबरेली।

महोदय,

कृपया स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **बी0एस–सी0 अतिरिक्त विषय(सांख्यिकी एवं गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम** की अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने विषयक स्थलीय निरीक्षणोपरान्त प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण आख्या दिनाँक 03.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **बी0एस–सी0 अतिरिक्त विषय(सांख्यिकी एवं गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम की अस्थायी सहयुक्तता** हेतु गठित निरीक्षण मण्डल की प्राप्त स्थलीय निरीक्षण आख्या में प्राप्त संस्तुति एवं महाविद्यालय के प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में कार्य परिषद की बैठक दिनांक **08.05.2025** के मद संख्या : **2025/02/01 (73)** द्वारा **बी0एस–सी0 अतिरिक्त विषय(सांख्यिकी एवं गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम में सत्र 2025–26 से तीन वर्षों हेतु** अस्थायी सहयुक्तता अधोलिखित शर्तों के अधीन प्रदान कर दी गयी है :—

1. **विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सहयुक्तता शुल्क**(पाठ्यक्रम हेतु रू0 एक लाख एवं अतिरिक्त विषय हेतु रू0 पचास हजार + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि सहित) **विश्वविद्यालय के खाते में ऑनलाइन जमा कर उसकी रसीद की प्रति प्रवेश की अनुमति से पूर्व उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा की स्थिति में प्रदान की गयी सहयुक्तता स्वतः निरस्त मानी जायेगी।**
2. **मानकानुसार शिक्षकों का अनुमोदन प्राप्त कर प्रवेश की अनुमति प्राप्त कर ली जायेगी। प्रवेश की अनुमति के बिना यदि प्रवेश लिया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा उनकी परीक्षायें नहीं करायी जायेगी जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।**
3. समय–समय पर उ0प्र0 शासन व विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।
4. प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उनके वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जायेगा।
5. महाविद्यालय की वेबसाईट तथा विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर प्राचार्य व प्रवक्ताओं का पूर्ण विवरण प्रत्येक दशा में अपलोड किया जायेगा।
6. महाविद्यालय द्वारा छात्र/शिक्षकों का अनुपात बनाये रखा जायेगा।
7. संस्थान द्वारा प्रवेश व परीक्षा आदि के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय,

10.5.2025

(विद्या नन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
2. गार्ड फाईल।

**सत्य–प्रतिलिपि**

कुलसचिव

**प्रबन्धक**
बाबू पं0 रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी
महाविद्यालय जरिया
रायबरेली

## ...मोथा-अरब सागर के साइक्लोन का शहर में दिख



कानपुर। मोथा व अरब सागर के साइक्लोन का असर शहर में भी दिखने लगा है। गुरुवार सुबह से छिटपुट बूंदाबादी के साथ शुरू हुई बारिश 11 बजते बजते तेज हो गई। बारिश के तेज होते ही वाहनों के पहिए थम गए और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार कल भी ऐसा ही मौसम रहेगा और धूप नहीं निकलेगी। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाडेय ने बताया कि मोथा साइक्लोन आंध्र प्रदेश के लैंड एरिया में पहुंच चुका है और इसके आगे बढ़ने की सभावना है। इसी के साथ अरब सागर का साइक्लोन भी भारत के तट की ओर आगे बढ़ रहा है। इन दोनों के सयुक्त प्रभाव से 30 व 31 को बारिश की गतिविधियां रहेंगी। इन दो दिनों में बारिश यदि थमी तब भी धूप निकलने की संभावना कम रहेगी। पूर्वी व मध्य उप्र, बुंदेलखंड और मध्य प्रदेश के उत्तरी इलाके की भी बारिश की जद में रहने सभावना है। गिरने लगा ताप बारिश होने के कारण तापमान भी 1.5 से दो डिग्री तक की दर्ज की जा रही है। आईए के अनुसार गुरुवार को न्यून तापमान 19 और अधिकतम ताप 27 डिग्री तक रहने की सभावन तापमान गिरने के साथ शह सुबह और शाम बाहर निकलने बुजुर्ग व बच्चों ने सर्दी के कपड़े पहनना शुरू कर दिया। गिरता तापमान मौसम विशेषज्ञ डॉ. ए

## खराब ट्रांसफार्मर बदलें

बांदा। मंडलायुक्त ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए किसानों को हर हाल में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए। कहा कि किसानों को खाद की समस्या नहीं होनी चाहिए। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में सुधार लाने पर जोर दिया।

आयुक्त अजीत कुमार ने अपने कार्यालय सभागार में गुरुवार को बैठक कर मंडलीय विकास कार्यों एव कानून व्यवस्था की समीक्षा विभागीय कार्यों को समय से कराने को कहा। कहा कि कि को खाद की समस्या नहीं होन खाद की उपलब्धता सुनिश्चित महोबा जिले में हेल्थ इंडिके सुधार लाने के निर्देश दिए। 70 वर्ष से अधिक के लो आयुष्मान गोल्डन कार्ड बन कहा। अधिकारियों को गा जन चौपाल आयोजित कर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में

## बाबू पं. रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी महाविद्यालय, जरिया, अटौरा - रायबरेली

(सम्बद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)

**आवश्यकता है** - प्राचार्य एवं प्रवक्ता/सहा0 आचार्य कीनिम्नवत् विषयों हेतु। **शैक्षिक योग्यता**- उपरोक्त समस्त प हेतु यू0जी0सी0 के मानकों के अनुसार (पी0एच0डी0, नेट)।

**संचालित विषय**

**बी0ए0**- 1अर्थशास्त्र, 2. हिन्दी साहित्य, 3अंग्रेजी साहित्य, 4भूगोल, 5. समाजशास्त्र, 6. शिक्षाशास्त्र, 7. गृहविज्ञान, 8 शारीरिक शिक्षा 9. चित्रकला, 10. हिन्दी भाषा, 11. इतिहास, 12. सैन्य अध्ययन, 13. राजनीति विज्ञान, 14. संस्कृत

**बी0एस0सी0**- 1भौतिक विज्ञान, 2. गणित 3. रसायन विज्ञान, 4जन्तु विज्ञान, 5. वनस्पति विज्ञान, 6. भूगोल 7. अर्थशास 8. सांख्यिकी 9. गृह विज्ञान 10. शारीरिक शिक्षा

**बी0काम0 (वाणिज्य संकाय)** समस्त अनिवार्य विषय

**बी0एड0 संकाय** (समस्त अनिवार्य विषय) अर्हता-स्ववित्तपोषी राजाज्ञानुसार तथा यू0जी0सी0 के मानकों के अनुसा (पी0एच0डी0, नेट)

**बी0टी0सी0/डी0एल0एड0 संकाय हेतु**:- प्राचार्य/विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता/सहा0 आचार्य की :शैक्षिक योग्यता- प्राचार्य विभागाध्यक्ष- **अर्हता**- स्नातकोत्तर 55%, एम0एड0 50% एवं सम्बन्धित अनुभव, प्रवक्ता- अर्हता स्नातकोत्तर 50% एम0एड0 50%

**लिपिक, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर(डेटा हिन्दी टाइपिंग), लिपिक लेखाकार, चतुर्थ श्रेणी** के लिये इच्छुक अभ्यर्थ सीधे महाविद्यालय में सम्पर्क करें। **वेतनमान : रू0 20000-30000/मानकानुसार**

**सम्पर्क सूत्र** :-7704001439, 7704001444

प्रधान कार्यालय-नेहरू नगर रायबरेली

मो0 न0- 7704001444

E-mail: manager.babujsgp@gmail.com

प्रबन्धक

महाविद्यालय जरिया

## अब्दुल सत्तार खाँ महाविद्यालय, खीरों, रायबरेली

(सम्बद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)

**आवश्यकता है** - -प्राचार्य एवं प्रवक्ता/सहा0 आचार्य कीनिम्नवत् विषयों हेतु। **शैक्षिक योग्यता**- उपरोक्त समस्त पदो हेतु यू0जी0सी0 के मानकों के अनुसार(पी0एच0डी0, नेट)।

**संचालित विषय**

**बी0ए0** - 1अर्थशास्त्र, 2. हिन्दी साहित्य, 3. अंग्रेजी साहित्य, 4. भूगोल, 5. समाजशास्त्र, 6. शिक्षाशास्त्र, 7. गृहविज्ञान, 8. शारीरिक शिक्षा 9. चित्रकला, 10. हिन्दी भाषा, 11. इतिहास, 12. सैन्य अध्ययन, 13. राजनीति विज्ञान, 14. उर्दू

**बी0एस0सी0**- 1भौतिक विज्ञान, 2गणित 3रसायन विज्ञान, 4जन्तु विज्ञान, 5. वनस्पति विज्ञान, 6. शारीरिक शिक्षा

**बी0काम0** (वाणिज्य संकाय) समस्त अनिवार्य विषय

**बी0एड0 संकाय** (समस्त अनिवार्य विषय) अर्हता- स्ववित्तपोषी राजाज्ञानुसार तथा यू0जी0सी0 के मानकों के अनुसार (पी0एच0डी0, नेट)

**बी0टी0सी0/डी0एल0एड0** संकाय हेतु:-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता/सहा0 आचार्य की :शैक्षिक योग्यता-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष-अर्हता स्नातकोत्तर 55%, एम0एड0 50% एवं सम्बन्धित अनुभव, प्रवक्ता- अर्हता स्नातकोत्तर 50% एम0एड0 50%

**लिपिक, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर (डेटा हिन्दी टाइपिंग), लिपिक लेखाकार, चतुर्थ श्रेणी** के लिये इच्छुक अभ्यर्थी सीधे महाविद्यालय में सम्पर्क करें। **वेतनमान : रू0 20000-30000/मानकानुसार**

**सम्पर्क सूत्र** :-8601366666, 8299635198

प्रधान कार्यालय-नेहरू नगर रायबरेली

मो0 न0- 7704001444

E-mail : manager.babujsgp@gmail.com

**नोट** :- आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय/प्रधान कार्यालय में सीधे, पत्राचार या ई-मेल के माध्यम से आवेदन कर सकते है।